**---प्रेस नोट---**

**सराहनीय कार्य, जनपद झाँसी**

**दिनांक- 08.06.2025**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **पुलिस मुठभेड़ में 01 घायल बदमाश गिरफ्तार,**
- **कब्जे से अवैध असलहा 315 बोर, 25 हजार रूपये एवं मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौंधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 08.06.2025 को थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत थाना स्थानीय पुलिस व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त चेकिंग के दौरान गुरसराय रोड़ डबरा मोड में बदमाश के साथ हुये पुलिस मुठभेड़ में बदमाश सरकार सिंह पुत्र रम्मू बहेलिया निवासी दूढी थाना एरच जिला झाँसी उम्र करीब 20 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लगी। जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को हिरासत में लेकर जीवन रक्षा की दृष्टिगत उसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

अभियुक्त सकरार सिंह के कब्जे से थाना मोठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 220/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व थाना समथर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 86/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी के 25 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर तथा 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट, इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर अस्पष्ट) बरामद हुआ।

अभियुक्त सरकार सिंह थाना चिरगांव पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित अपराधी है। उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>संक्षिप्त विवरण—</u>**

दिनांक 05.05.2025 को वादी श्री गोविन्द सिंह वर्मा पुत्र स्व0 रामकष्ण वर्मा निवासी अमरा अम्मरगढ थाना मोठ जनपद झाँसी द्वारा दिये गये लिखित तहरीर पर थाना चिरगांव पर मु.अ.सं. 114/2025 धारा 309(4)/281/106/111/117(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग के सफल अनावरण एवं संबन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किया जा रहा था, जिसके क्रम में दिनांक 07.06.2025 को प्रकाश में आये अभियुक्त को 1. कन्नासी उर्फ नेना बहेलिया पुत्र जयपाल उम्र करीब-20 वर्ष निवासी ग्राम नगला डूड़ी थाना एरच जिला झाँसी 2. एक बाल अपचारी थाना चिरगांव क्षेत्र के रेलवे यार्ड वैष्णवी विवाह घर के पास से अवैध असलाह तथा चोरी के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया तथा वाछिंत अभियुक्त सरकार सिंह पुत्र रम्मू बहेलिया निवासी दूढी थाना एरच जिला झाँसी की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में आज दिनाँक 08.06.2025 को थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत थाना स्थानीय पुलिस, स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त चेकिंग के दौरान गुरसराय रोड़ डबरा मोड में बदमाश के साथ हुये पुलिस मुठभेड़ में बदमाश सरकार सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त- सरकार सिंह पुत्र रम्मू बहेलिया निवासी दूढी थाना एरच जिला झाँसी उम्र करीब 20 वर्ष (घायल)

बरामदगी- 01 तमंचा 315 बोर, 25 हजार रूपये, मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट, इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर अस्पष्ट)

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास- सरकार सिंह पुत्र रम्मू बहेलिया निवासी दूढी थाना एरच जिला झाँसी उम्र करीब 20 वर्ष (घायल)

1. मु0अ0सं0 114/2025 धारा 309(4)/281/106/111/117(2) बीएनएस
2. मु0अ0सं0 220/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस
3. मु0अ0सं0 86/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस

**पुलिस टीम- थाना चिरगांव व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही।**